<u>कार्यालय : उ0प्र0, लोक सेवा आयोग</u>

संख्या 1166/12/ई–4/2018–19

प्रयागराज: दिनांक 12 दिसम्बर, 2019

प्रेस विज्ञप्ति

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (सामान्य/विशेष /बैकलाग चयन) परीक्षा–2017 में सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु सफल/अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि विज्ञप्ति संख्या 1104/12/ई–4/2018–19 दिनांक 12.09.2019 के क्रम में समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (मुख्य) परीक्षा–2017 के सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण की परीक्षा का आयोजन दिनांक 18, तथा 19 जनवरी 2020 को प्रयागराज जनपद में आयोजित होगी।

उक्त कम्प्यूटर पर आयोजित की जाने वाली टंकण दक्षता परीक्षा हिन्दी कम्प्यूटर टंकण हेतु KrutiDev010 Font पर सम्पन्न करायी जायेगी। कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण परीक्षा की अवधि 5 मिनट होगी, जो अभ्यर्थी हिन्दी टंकण परीक्षा में सफल होंगे केवल उन्ही को सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु दी गयी अधिमान्यता पर विचार किया जायेगा अन्यथा उनके द्वारा उक्त पद हेतु दी गयी अधिमान्यता निरस्त कर दी जायेगी।

अभ्यर्थियों का ई–प्रवेश पत्र एवं अनुदेश आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर यथाशीघ्र अपलोड किये जायेगें। जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दी जायेगी।

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक